उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक उड्‌डयन विभाग

विज्ञापन

उत्तर प्रदेश सरकार के नागरिक उड्‌डयन निदेशालय के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीटयूट, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ इकाई में निम्नलिखित पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति किये जाने हेतु दिनांक 06 सितम्बर, 2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे **लखनऊ एयरपोर्ट परिसर में स्थित निदेशक, नागरिक उड्‌डयन, उ0प्र0** के कार्यालय में Walk-in-interview आयोजित किया जायेगा। पदों तथा उनके लिये विहित अर्हता, अनुभव एंव पारिश्रमिक आदि का विवरण निम्नवत् है :–

1. **व्याख्याता (विज्ञान)** : **एक पद।**

अनिवार्य अर्हता :

(क) कम से कम 55 प्रतिषत अंको सहित भौतिकी या गणित में कम से कम द्वितीय श्रेणी स्नातकोत्तर उपाधि/बी0एड0 **या** उसके समकक्ष उपाधि धारक को भारिता दी जायेगी।

(ख) उपयुक्त क्षेत्र में पॉच वर्ष का व्यावहारिक/अनुदेषकीय अनुभव।

(ग) हिन्दी का ज्ञान।

2. **व्याख्याता (एयरो)** : **एक पद।**

अनिवार्य अर्हता :

(क) किसी वर्ग में बेसिक लाइसेंस (बी0ए0एम0ई0एल0) या एयरोनॉटिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रोनिक्स/इंस्ट्रूमेन्ट इंजीनियरिंग में अभियंत्रण उपाधि या उपर्युक्त विधाओं में से किसी में डिप्लोमा **या** भौतिकी, रसायन और गणित के साथ स्नातक **या** विज्ञान (इलेक्ट्रानिक) में स्नातक।

(ख) अभियंत्रण उपाधि या बी0ए0एम0ई0एल0 धारकों के लिये एक वर्ष का व्यावहारिक/अनुदेषकीय अनुभव और अन्यों के लिये उड्‌डयन उद्योग में तीन वर्ष का व्यावहारिक/अनुदेषकीय अनुभव।

(ग) प्रथम पत्र एयर ला, एयर वर्दीनेस रिक्वायरमेंटस एण्ड हयूमन परफारमेंस पढ़ाने के लिये समनुदेषित अनुदेषकों ए0एम0ई0 लाइसेंस परीक्षा का प्रथम पत्र उत्तीर्ण होना आवष्यक होगा।

(घ) तृतीय पत्र के विषय पढ़ाने वाले अनुदेषकों को सुसंगत वर्ग का तृतीय पत्र उत्तीर्ण होना या सुसंगत वर्ग में पर्याप्त अनुरक्षण होना आवष्यक होगा।

(ड़) हिन्दी का ज्ञान।

3. **व्याख्याता (मैकेनिकल)** : **एक पद।**

अनिवार्य अर्हता :

(क) कम से कम 55 प्रतिषत अंको सहित यांत्रिक **या** आटोमोबाईल अभियंत्रण में उपाधि या उसके समकक्ष।

(ख) उपयुक्त क्षेत्र में पॉच वर्ष का व्यावहारिक/अनुदेषकीय अनुभव।

(ग) हिन्दी का ज्ञान।

<u>पारिश्रमिक एवं अन्य भत्ते :–</u>

शासनादेश संख्या–1422/छप्पन–2014–17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 (प्रति संलग्न) के अनुसार उपरोक्त पदों के लिये नियत मासिक पारिश्रमिक अनुमन्य होंगे।

<u>सामान्य निर्देष :–</u>

1. व्याख्याता के तीन पदों में से एक पद सामान्य वर्ग, एक पद अति पिछड़ा वर्ग तथा एक पद अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित है। आरक्षित श्रेणी के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में रिक्तियॉं सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरी जा सकेंगी।
2. अभ्यर्थी की आयु 01.07.2017 को 18 वर्ष से कम और 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यथास्थिति उच्चतर अर्हता या अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये पांच वर्ष तक की आयु सीमा षिथिल की जा सकती है।
3. केन्द्र/राज्य सरकार के विभाग अथवा सरकारी निकायों में कार्यरत अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय सेवायोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिये यात्रा आदि पर व्यय स्वयं वहन करना होगा।
5. अभ्यर्थियों का चरित्र, स्वास्थ्य एंव वैवाहिक प्रास्थिति तत्सम्बन्धी नियमों के अनुरूप होनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र सादे कागज पर साफ–साफ लिखा या टंकित हो जिसमें अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा जैसे– नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, पत्र व्यवहार का पता, जन्मतिथि, जाति एवं श्रेणी, पहली जुलाई,2017 को आयु, षैक्षिक/तकनीकी योग्यता, अर्हता तथा अनुभव आदि के विवरण के साथ तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं टैस्टीमोनियल्स की प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जायेगी। आवेदन पत्र **निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीटयूट, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ–226009 को डाक द्वारा अथवा ई–मेल <u>vacancy@cadup.in</u> द्वारा विलम्बतम दिनांक 04 सितम्बर, 2017 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाने चाहिए।**
7. अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र की दाहिनी ओर अपना एक पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटोग्राफ चिपकाना आवष्यक है।
8. रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है। भविष्य में सम्भावित रिक्तियों के सापेक्ष एक प्रतीक्षा सूची भी बनाई जायेगी।

विशेष सचिव।